डीएनईएस कर्मचारी को-ओपरेटिव बचत एवं साख समिति

अटल अक्षय ऊर्जा भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली- 3

(पंजीकरण संख्या 821- यू)

***

दिनांक : 13.10.2026

सूचना

आदरणीय सदस्यगण,

सूचित किया जाता है कि डीएनईएस कर्मचारी को-ओपरेटिव बचत एवं साख समिति की कार्यकारिणी की मासिक बैठक में 38वीं वार्षिक आम बैठक **मंगलवार, दिनांक 27, अक्टूबर 2026** को अटल अक्षय ऊर्जा भवन के सम्मेलन कक्ष 319 में करवाने का निश्चय हुआ है। वार्षिक आम बैठक निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार होगी।

1.	मतदान	**मंगलवार, दिनांक 27, अक्टूबर 2026 - प्रात: 10 से 12 बजे**
2.	वार्षिक आम बैठक	**मंगलवार, दिनांक 27, अक्टूबर 2026 - अपराहन 1.30 से 2.30 बजे**
3.	चुनाव कार्यक्रम	
(i)	पदों का विवरण जिनके लिए चुनाव होना है :	
	अध्यक्ष	1 पद
	उपाध्यक्ष	1 पद
	सदस्य	7 पद (2 पद महिलाओं के लिए आरक्षित है)
(ii)	नामांकन फॉर्म प्राप्त करने की तारिख	21 अक्टूबर 2026
(iii)	फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि	23 अक्टूबर 2026 (सायं 4 बजे तक)
(iv)	नाम वापस लेने की अंतिम तिथि	26 अक्टूबर 2026 (दोपहर 12 बजे तक)
(v)	उम्मीदवारों की अंतिम सूची का विवरण	26 अक्टूबर 2026 (दोपहर 2 बजे तक)
(vi)	चुनाव प्रभारी का नाम एवं पता	श्री कैलाश चंद जी, कमरा सं. 405, अटल अक्षय ऊर्जा भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली

नामांकन के इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार पूर्ण रूप से भरे हुए नामांकन फॉर्म एवं अपेक्षित जमानत राशि 2000/- (दो हजार रूपये मात्र) के साथ चुनाव प्रभारी के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। नियमानूसार विजयी उम्मीदवार की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी तथा जिस उम्मीदवार को डाले गए कुल मतों में से 1/6 भाग से कम मत मिलेंगे उसकी जमानत राशि जब्त करके समिति के फंड जमा कर दी जाएगी।

वार्षिक आम बैठक का मसौदा (Agenda) निम्नलिखित है :

1. अध्यक्षीय सम्बोधन।
2. पिछली वार्षिक आम बैठक के कार्यवृत का अनुमोदन।
3. दिनांक 16.10.2025 को हुई वार्षिक आम बैठक के संबंध में हुए खर्चे की स्वीकृति।
4. चुनाव प्रभारी द्वारा नवनिर्वाचित समिति के सदस्यों की घोषणा।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा वार्षिक आम बैठक का अग्रिम संचालन:

1. सदस्यों को वर्ष 2025-26 का लाभांश (Dividend) 6% दर से और सी. डी. पर ब्याज (Interest on CD) 7% की दर से वितरण का प्रस्ताव।
2. 250 रू. रगुलटोरी अवार्ड देने का प्रस्ताव।
3. अगली वार्षिक आम बैठक के खर्चे के लिए 50,000/- रू. के बजट प्रावधान का प्रस्ताव।
4. सोसाइटी के लेखा जोखा को कंप्यूटरीकृत करने हेतु प्रस्ताव।
5. सदस्यों से प्राप्त प्रस्ताव, यदि कोई हों, तो उन पर विचार।
6. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय, यदि कोई हों, तो उन पर विचार।

यदि कोई सदस्य वार्षिक आम सभा में प्रस्ताव रखना चाहे तो वह प्रस्ताव की 2 प्रतियां दिनांक 23.10.2026 तक समिति के कार्यकारी सचिव के पास अवश्य भिजवा दें। इस तिथि के उपरांत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। समिति का रिकॉर्ड दिनांक 26 अक्टूबर, 2026 को 12 से 4 बजे को सदस्यों के अवलोकन हेतु कोषाध्यक्ष के पास उपलब्ध होगा। सदस्य अपना व्यक्तिक रिकॉर्ड देखकर पुष्टि कर सकते हैं।

सभी सदस्यों से अनुरोध है कि समिति की वार्षिक आम बैठक में सक्रिय हिस्सा लेकर उक्त कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

इस बैठक के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों को **रू. 100/- (एक सौ रूपये)** उपस्थिति अवार्ड का नकद भुगतान किया जाएगा एवं **लंच के लिए रू. 100/- (एक सौ रूपये)** की व्यवस्था अलग से किया गया है।

सधन्यवाद।

शुभेच्छु

(विनोद कुमार राय)
कार्यकारी सचिव

सभी सदस्य, डीएनईएस कर्मचारी को-ओपरेटिव बचत एवं साख समिति, नई दिल्ली

प्रतिलिपि:

1. सहायक रजिस्ट्रार (अनुभाग-2), को-ओपरेटिव सोसायटी का कार्यालय, दिल्ली प्रशासन, संसद मार्ग, नई दिल्ली
2. अवर सचिव (प्रशासन-।।), नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय। उनसे अनुरोध है कि **मंगलवार, दिनांक 27 अक्टूबर, 2026** को अपराहन 1.30 से 2.30 बजे तक सम्मेलन कक्ष देने की कृपा करें।